भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 569

जिसका उत्तर 25.07.2024 को दिया जाना है

आरजी स्कवेयर और आईजी स्कवेयर के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर

569. श्री वी. वैथिलिंगमः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) पुदुचेरी में इंदिरा गांधी स्कवेयर और राजीव गांधी स्कवेयर को जोड़ने वाले प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) क्या मंत्रालय इस बात से अवगत है कि यह कार्य लंबे समय से लंबित है और यदि हां, तो इसे कब तक शुरू किया जाएगा?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) इंदिरा गांधी स्क्वायर और राजीव गांधी स्क्वायर को जोड़ने वाले प्रस्तावित फ्लाईओवर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए परामर्श कार्य पुदुचेरी के तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री के अनुरोध पर जुलाई, 2022 में पीडब्ल्यूडी, संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) पुदुचेरी के माध्यम से आबंटित किया गया था। परामर्शदाता द्वारा मसौदा डीपीआर प्रस्तुत किया गया है।

यह मार्ग वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा अनुरक्षणाधीन है। एनएचएआई ने एक अध्ययन किया है, जिसमें रारा 332ए (ईस्ट कोस्टल रोड) पर कलापेट्टई से एक बाईपास के निर्माण की सिफारिश की गई है, जो पुराने रारा 66 (नया रारा-32) के किमी 13/300 पर इस खंड को पार करेगा और पुराने रारा 45ए (रारा 332) के किमी 24/800 पर मिलेगा, जो पुराने रारा 66 पर इंदिरा गांधी स्क्वायर और राजीव गांधी स्क्वायर को जोड़ने वाले खंड को मामल्लपुरम से विल्लुपुरम, कुड्डालोर और अन्य स्थानों की ओर जाने वाले यातायात के लिए बाईपास करेगा।

*****